Seat No. : _______________

# MJ-228

**May-2025**

**B.A., Sem-II**

**DSC-M-HIN-123 : Hindi (Minor)**

**आधुनिक हिन्दी कविता-II**

**(NEP 2020)**

**Time : 2:00 Hours]** **[Max. Marks : 50**

1. 'क्या भूलूँ क्या याद करूँ मैं' कविता का केंद्रीय विचार स्पष्ट कीजिए। **10**

**अथवा**

1. अज्ञेय रचित 'हिरोशिमा' आधुनिक मानव की विभीषिका की गाथा है – इस कथन को सिद्ध कीजिए। **10**

2. कालिदास रचित 'अकाल और उसके बाद' कविता का भावार्थ लिखिए। **10**

**अथवा**

2. 'मेड़ पर इस खेत की बैठ अकेला' कविता के भाव–सौंदर्य पर प्रकाश डालिए। **10**

3. 'घर की याद' कविता मिश्र जी की जीवनानुभूति की अभिव्यक्ति है – कथन की चर्चा कीजिए। **10**

**अथवा**

3. शिवमंगल सिंह 'सुमन' रचित 'वरदान माँगूँगा नहीं' कविता की समीक्षा कीजिए। **10**

4. 'परदेशी के नाम पत्र' कविता ग्रामीण जीवन की अभिव्यक्ति का पत्र है – स्पष्ट कीजिए। **10**

**अथवा**

'भूख' कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहते हैं ? **10**

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **दस** प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए : **10**

(1) हिन्दी साहित्य में 'हालावाद' का प्रवर्तक किसे माना जाता है ?

(A) हरिवंशराय बच्चन (B) निराला

(C) मुक्तिबोध (D) नागार्जुन

(2) 'बुद्ध और नाचघर' तथा 'मधुशाला' के रचयिता कौन हैं ?

(A) त्रिलोचन (B) हरिवंशराय बच्चन

(C) महादेवी वर्मा (D) रामधारी सिंह 'दिनकर'

(3) नागार्जुन का वास्तविक नाम क्या था ?

(A) अज्ञेय (B) धनपत राय

(C) बैद्‌यनाथ मिश्र (D) निराला

(4) 'कालिदास' कविता के रचयिता कौन हैं ?

(A) अज्ञेय (B) त्रिलोचन

(C) सर्वेश्वरदयाल सक्सेना (D) नागार्जुन

(5) केदारनाथ अग्रवाल हिन्दी साहित्य की किस काव्यधारा से जुड़े कवि हैं ?

(A) प्रगतिशील काव्यधारा (B) हालावादी काव्यधारा

(C) छायावादी काव्यधारा (D) प्रयोगवादी काव्यधारा

(6) केदारनाथ अग्रवाल को 'अपूर्वा' कृति के लिए कौन सा पुरस्कार प्रदान किया गया था ?

(A) कमल पुरस्कार (B) साहित्य अकादमी पुरस्कार

(C) भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार (D) पद्मभूषण पुरस्कार

(7) भवानी प्रसाद मिश्र को उनकी किस रचना के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया है ?

(A) गीत फरोश (B) आंगन के पार द्‌वार

(C) बनी हुई रस्सी (D) सागर मुद्रा

(8) भवानी प्रसाद मिश्र का जन्म कहाँ हुआ था ?

(A) चिरानी पट्टी – उत्तर प्रदेश (B) कुशीनगर – उत्तर प्रदेश

(C) सिमरिया – बिहार (D) होशंगाबाद – मध्य प्रदेश

(9) 'तिल-तिल मिटूँगा पर दया की भीख मैं लूंगा नहीं'/'वरदान माँगूँगा नहीं' – इन पंक्तियों के रचनाकार कौन हैं ?

(A) शिवमंगल सिंह 'सुमन' (B) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

(C) केदारनाथ अग्रवाल (D) रामधारी सिंह 'दिनकर'

(10) 'आभार' कविता के रचनाकार कौन हैं ?

(A) अज्ञेय (B) शिवमंगल सिंह 'सुमन'

(C) त्रिलोचन (D) प्रभु लाल गर्ग

(11) त्रिलोचन का मूल नाम क्या है ?

(A) वैद्‌यनाथ मिश्र (B) वासुदेव सिंह

(C) कैलाश सक्सेना (D) मदन मोहन दुगलानी

(12) 'मैंने कब कहा' कविता के रचनाकार कौन हैं ?

(A) रामधारी सिंह 'दिनकर' (B) महादेवी वर्मा

(C) सर्वेश्वरदयाल सक्सेना (D) नागार्जुन

---

Seat No. : _______________

# MJ-228

**May-2025**

**B.A., Sem-II**

**DSC-M-HIN-123 : Hindi (Minor 1 Optional)**

**(आधुनिक हिन्दी कहानी)**

**Time : 2:00 Hours]** **[Max. Marks : 50**

1. 'ठाकुर का कुआँ' कहानी की कथावस्तु और उद्देश्य बताइए । **10**

**अथवा**

1. कहानी के तत्वों के आधार पर 'दुःख' कहानी की समीक्षा कीजिए । **10**

2. " 'पत्नी' कहानी में सुनन्दा के मूक विद्रोह द्वारा भारतीय शिक्षित परिवारों में स्त्री की स्थिति का चित्रण किया है ।" इस कथन को समझाइए । **10**

**अथवा**

2. 'खितीन बाबू' कहानी के आधार पर खितीन बाबू के चरित्र की विशेषताएँ बताइए । **10**

3. 'पंचलाइट' कहानी की कथावस्तु और उद्देश्य को निरूपित कीजिए । **10**

**अथवा**

3. " 'दोपहर का भोजन' कहानी निम्न मध्यवर्गीय परिवार की अभावपूर्ण स्थिति का चित्र प्रस्तुत करती है ।" इस कथन की सार्थकता समझाइए । **10**

4. 'यही सच है' कहानी के आधार पर दीपा का चरित्र-चित्रण कीजिए । **10**

**अथवा**

4. 'दिल्ली में एक मौत' कहानी की कथावस्तु और उद्देश्य पर प्रकाश डालिए । **10**

5. सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए : (किन्हीं **दस**) **10**

(1) इनमें से प्रेमचंद का जन्म किस गाँव में हुआ था ?

(A) लमही (B) बरेली

(C) मुराडी (D) काँकरोली

(2) "गरीबों का दर्द कौन समझता है । हम तो मर भी जाते तो कोई दुआर पर झाँकने नहीं आता, कंधा देना तो बड़ी बात है ।" यह कथन किस कहानी से लिया गया है ?

(A) दुःख (B) ठाकुर का कुआँ

(C) पत्नी (D) खितीन बाबू

(3) दिलीप और हेमा इनमें से किस कहानी के पात्र हैं ?

(A) ठाकुर का कुआँ (B) पत्नी

(C) दुःख (D) खितीन बाबू

(4) इनमें से 'दुःख' कहानी के लेखक कौन हैं ?

(A) प्रेमचंद (B) अज्ञेय

(C) जैनेन्द्रकुमार (D) यशपाल

(5) 'पत्नी' कहानी की सुनन्दा के पति का नाम है

(A) कालिन्दीचरण (B) निशीथ

(C) शुभेन्दुचरण (D) दिलीप

(6) 'खितीन बाबू' कहानी के कहानीकार इनमें से कौन हैं ?

(A) प्रेमचंद (B) अज्ञेय

(C) जैनेन्द्रकुमार (D) यशपाल

(7) इनमें से पंचलाइट जलाना कौन जानता है ?

(A) दीवान (B) मुनरी की माँ

(C) गोधन (D) गुलरी काकी

(8) सिद्धेश्वरी इनमें से किस कहानी का पात्र है ?

(A) पंचलाइट (B) दिल्ली में एक मौत

(C) यही सच है (D) दोपहर का भोजन

(9) इनमें से 'दोपहर का भोजन' कहानी के लेखक कौन हैं ?

(A) अमरकांत (B) फणीश्वरनाथ रेणु

(C) मन्नू भंडारी (D) कमलेश्वर

(10) 'यही सच है' कहानी की दीपा को इनमें से किस शहर में इन्टरव्यू देने जाना है ?

(A) बम्बई (B) कलकत्ता

(C) अहमदाबाद (D) दिल्ली

(11) "असाधारण ही स्मरणीय नहीं हैं, हर गुदड़ी में लाल हैं, जरा उसे लौटकर झाँकने का कष्ट तो करो ।" यह कथन इनमें से किस लेखक का है ?

(A) अमरकांत (B) मन्नू भंडारी

(C) अज्ञेय (D) कमलेश्वर

(12) 'दिल्ली में एक मौत' कहानी के लेखक कौन हैं ?

(A) अमरकांत (B) फणीश्वरनाथ रेणु

(C) मन्नू भंडारी (D) कमलेश्वर

---